प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 04.11.2026 (सुबह – 0830 बजे)
मुख्य समाचार

1. **मुख्यमंत्री ने कहा– सरकार झारखंड के प्राकृतिक सौंदर्य को पर्यटन मानचित्र पर अधिक मजबूती से करेगी स्थापित, विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में किया जायेगा विकसित।**

2. **जेएसएससी ने जारी किया सहायक आचार्य परीक्षा का संशोधित रिजल्ट, रांची जिले से सबसे अधिक 155 अभ्यर्थी सफल।**

3. **झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल कर मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति की समय सीमा पर मांगा जवाब, 19 नवंबर को होगी अगली सुनवाई।**

4. **राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर आज बीएलओ और बीएलए–2 की होगी बैठक, छूटे मतदाताओं की पहचान और पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ने पर होगा जोर।**

5. **झारखंड में छह नवंबर से न्यूनतम तापमान में 3–4 डिग्री सेल्सियस तक आयेगी गिरावट, ठंड का होगा एहसास, चक्रवात मुरासु का राज्य में कोई खास असर नहीं।**

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कल चांडिल डैम का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने झारखंड के इस अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य को राज्य के पर्यटन मानचित्र पर अधिक मजबूती से स्थापित करने और इसे विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्यमंत्री ने सरायकेला–खरसावां के उपायुक्त के साथ चांडिल डैम और उसके आस–पास बहुआयामी विकास पर चर्चा की। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को दीर्घकालिक और पर्यावरण–अनुकूल ब्लूप्रिंट तैयार करने का निर्देश दिया।

****

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने राज्य में पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। जल जीवन मिशन योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि पेयजलापूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने सभी क्लस्टर और सिंगल विलेज स्कीम योजनाओं को दिसंबर 2026 तक पूरा करने का निर्देश दिया है।

****

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा झारखंड में विपक्ष की बेहतर भूमिका निभा रही है। गिरिडीह परिसदन में कल पत्रकारों से बातचीत में श्री मरांडी ने कहा कि झारखण्ड में भ्रष्टाचार चरम पर है।

****

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी क्रम में भाजपा नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कल देवघर में विपक्षी दलों पर अराजकता फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, झामुमो, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी जनता को दिग्भ्रमित कर रही हैं।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने सूचना आयोग को क्रियाशील बनाने और मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति मामले में राज्य सरकार से नियुक्ति की समय–सीमा पर जवाब मांगा है। अदालत ने इसके लिए शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 19 नवंबर को होगी। गौरतलब है कि आयोग में चार सूचना आयुक्त नियुक्त हैं, लेकिन मुख्य सूचना आयुक्त का पद खाली होने से काम नहीं हो रहा है।

****

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग–जेएसएससी ने सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के भाषा शिक्षकों का संशोधित परीक्षाफल जारी कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में जारी इस परिणाम में राज्य के 22 जिलों से **एक हजार 265** अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। जारी परिणाम के अनुसार, रांची जिले से सबसे अधिक 155 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, जबकि 130 सफल अभ्यर्थियों के साथ पलामू जिला दूसरे स्थान पर है।

****

झारखंड में एसआईआर के तहत आज राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर 5वीं बीएलओ–बीएलए–2 बैठक और चुनाव पाठशाला आयोजित की जाएगी। इसमें मतदाता सूची से जुड़े मामलों की समीक्षा के साथ छूटे हुए पात्र नागरिकों की पहचान की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि बैठक में उन मतदाताओं के मामलों पर चर्चा होगी, जिन्हें दो बार नोटिस दिए जाने और घर जाकर सत्यापन करने के बावजूद सुनवाई की औपचारिकताएं पूरी नहीं हुई हैं।

****

गिरिडीह जिले में कल **स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना** की मिशन डायरेक्टर रंजिता हेंब्रम ने समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को इस वर्ष के अंत तक शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। मिशन डायरेक्टर ने कहा कि झारखण्ड देश में निचले पायदान पर है। उन्होंने अधिकारियों से समय से अपेक्षित उपलब्धि प्राप्त करने को कहा।

****

चतरा सदर पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर साइबर ठगी के आरोप में एक महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ सन्नी वर्धन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से तीन लाख 70 हजार नकद, विभिन्न बैंकों के 15 एटीएम कार्ड, आठ मोबाइल फोन, चार सिम कार्ड, एक कार, एक बाईक, और सोने की चेन समेत कई चीजें जब्त की गयी हैं।

****

मौसम विभाग ने छह नवंबर से बादल छंटते ही न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट की संभावना जतायी है। इससे छठ महापर्व और उसके बाद ठंड का असर तेजी से बढ़ेगा। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि चक्रवात मुरासु का झारखंड में खास प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, सरायकेला और सिंहभूम क्षेत्र में आज हल्की बारिश हो सकती है।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने धरना–प्रदर्शन को लेकर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अखबारों ने लिखा है– प्रदर्शन स्थल पर कब्जा जमा नहीं सकते। इसके अलावा...

प्रभात खबर ने सहायक आचार्य के मेरिट लिस्ट पर लिखा है– जेएसएससी ने संशोधित रिजल्ट निकाला, भाषा के 1265 अभ्यर्थी रहे सफल।

हिंदुस्तान ने मैट्रिक और इंटर बोर्ड 5 फरवरी से होने की खबर को पहले पेज पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने अस्पतालों में इलाज और सरकार की गाइडलाइंस पर लिखा है– नहीं बनी एसओपी, नतीजा रिम्स में 9 माह में 7 हजार से अधिक मौतें, इनमें 60 प्रतिशत रेफरल।

दैनिक जागरण ने खूंटी में दो सगी बहनों समेत तीन के साथ दुष्कर्म और दो आरोपियों की गिरफ्तारी की खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है।

**********समाप्त**********